हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 6 अगस्त 2025

11 देश में बेरोजगारी व महंगाई चरम सीमा पर...



12 योग प्रतियोगिता में गांव बोदीवाली की बेटियों का दबदबा



## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**फतेहाबाद।** गांव बीसला से माजरा रोड पर एक ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### एनसीसी कैडेट्स ने सैनिकों के लिए बनाई राखी

**फतेहाबाद।** मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज, बहबलपुर के एनसीसी कैडेट्स ने 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी, जीजेयू हिसार के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे के निर्देशानुसार सीमा पर तैनात सैनिकों के लिए रखी बनाई और सैनिकों को उनके हौंसले को सलाम करते हुए पत्र लिखे। कैडेट्स ने प्रत्येक सैनिक का धन्यवाद किया कि आज हम उनकी वजह से ही हमारे घर में सुरक्षित हैं। हर परिस्थिति में सैनिक हमारे लिए तत्पर रहते हैं।

### श्री शिव पार्वती मंदिर में मूर्ति स्थापना दिवस 9 को

**सिरसा।** श्री अखड ज्योति हनुमान मंदिर में स्थित शिव पार्वती मंदिर में हर वर्ष की तरह आगामी 9 अगस्त को 6वां मूर्ति स्थापना दिवस श्रद्धापूर्वक व धूमधाम से मनाया जाएगा। सालासर भंडारा ट्रस्ट के प्रधान पवन बैनीवाल ने बताया कि आगामी 9 अगस्त को सुबह 7.15 बजे रक्षाबंधन पर्व पर शिव परिवार के स्वरूप को विधिपूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ स्नान करवाकर नए वस्त्र धारण करवाए जाएंगे।

### गोवंश की सेवा के लिए करें सहयोगः जैन

**रानियां।** गांव बालासर में स्थित गौशाला में गौशाला कमेटी की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जयदेव-सहदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान ललित जैन को बतौर मुख्यातिथि आमंत्रित किया गया। गौशाला के प्रधान महावीर गोदारा, बलविंद्र सहारण, रोहताश सहारण, गुरप्रीत सिंह सचिव, मदन थाकण, संजय कसवां, सतपाल शर्मा, बालमुकुंद सहारण ने समाजसेवी ललित जैन का पटका पहनाकर स्वागत किया।

### ऋण योजनाओं के लिए आवेदन 21 तक

**सिरसा।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति से संबंधित व्यक्तियों को स्वरोजगार के लिए सावधि ऋण योजना एवं सूक्ष्म वित्त योजना शुरू की गई है। योजना का लाभ उठाने के इच्छुक पात्र व्यक्ति 21 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के जिला प्रबंधक कुलदीप सैनी ने बताया कि योजनाओं के लाभ के लिए आवेदक हरियाणा का स्थायी निवासी हो और आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

### डॉ. रोहताश को सौंपा संस्कृत विभाग का अतिरिक्त कार्यभार

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने अर्थशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रोहताश कुमार को संस्कृत विभाग के अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। डॉ. रोहताश कुमार ने कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि वे इस दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। डॉ. रोहताश कुमार विश्वविद्यालय में एक अनुभवी, कर्मठ और बहुआयामी शिक्षाविद् के रूप में जाने जाते हैं।

## वन विभाग ने सालमखेड़ा में जिला स्तरीय वन महोत्सव का किया आयोजन

# पेड़ लगाना न सिर्फ जरूरी है बल्कि हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी : बेदी

- पेड़ लगाना न सिर्फ जरूरी है बल्कि हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी
- कैबिनेट मंत्री ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद





**फतेहाबाद।** जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में पौधरोपण करते और वन महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी।

वन विभाग द्वारा गांव सालमखेड़ा में आयोजित 76वें जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम के दौरान हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि आज के दौर में जब पर्यावरण का संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है, ऐसे में अधिक से अधिक पेड़ लगाना न सिर्फ जरूरी है बल्कि हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। कैबिनेट मंत्री ने जनमानस से अपील की हैं कि हर व्यक्ति कम से कम एक पेड़ अपनी मां के नाम पर अवश्य लगाए। यह न सिर्फ एक भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक होगा, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण का आधार भी बनेगा। कैबिनेट मंत्री ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि शुद्ध ऑक्सीजन के लिए हमें पेड़ों की आवश्यकता है और इसके लिए हर नागरिक को आगे आकर भागीदारी निभानी होगी। हरियाली से जहां प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता कम होती है, वहीं यह स्वास्थ्य और सामाजिक समृद्धि का आधार बनती है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि एक विकसित समाज की पहचान उसके प्राचीन और जीवित वृक्षों से होती है। कैबिनेट मंत्री ने स्वयं कार्यक्रम स्थल पर पौधारोपण कर लोगों को प्रेरित किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि यह अभियान सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि एक आंदोलन है, जिसमें मां के नाम से पेड़ लगाकर हम न केवल भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं, बल्कि प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी निभाते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं और इसे एक सामाजिक क्रांति का रूप दें।

### जिले में 10.50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

पूर्व विधायक दुड़ाराम ने पेड़-पौधे लगाना केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझी जिम्मेदारी है। आज का लगाया गया एक पेड़ कल हजारों लोगों को जीवनदायिनी ऑक्सीजन देगा। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने एक पेड़ मां के नाम व एक पेड़ बेटी बहन के नाम लगाने का आह्वान किया हैं। जिला वन अधिकारी राजेश लीलड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए नागरिकों को मुफ्त पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कोई भी नागरिक नजदीकी नर्सरी से पौधे ले सकता है। इस वर्ष के लिए जिले में कुल 10 लाख 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया हैं।

### बच्चों ने गीतों से दिया प्रकृति प्रेम का संदेश

स्कूली बच्चों और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत पर्यावरण संरक्षण आधारित गीतों और भजनों ने उपस्थित जनसमूह को जागरूक किया और संदेश दिया कि प्रकृति से प्रेम ही जीवन का सच्चा आधार है। कार्यक्रम पश्चात जिला प्रशासन द्वारा सिंदूर का पौधा भेंटकर अतिथियों का सम्मान किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान उपायुक्त मनदीप कौर, जिला परिषद चेयरमैन सुमन खिचड़, चैयरमैन वेद फुल्ला, एसडीएम राजेश कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई, सूचना जन संपर्क विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार, रामराज मेहता, चंद्रप्रकाश बोस्ती सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### परीक्षा में नकल कराने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

- अब तक कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका

**फतेहाबाद।** अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सदर फतेहाबाद पुलिस को एक और सफलता प्राप्त हुई है। सरकारी परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी बनकर परीक्षा देने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में अब तक कुल 16 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि यह मामला 12 अप्रैल 2022 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुथन कलां में आयोजित बोर्ड परीक्षा के दौरान सामने आया था। उस दिन गणित विषय की परीक्षा में 9 परीक्षार्थी ऐसे पाए गए, जो अन्य छात्रों के स्थान पर फर्जी तरीके से परीक्षा दे रहे थे। उडऩदस्ते ने इनमें से 3 फर्जी परीक्षार्थियों को मौके पर ही पकड़ा और पुलिस के हवाले किया, जबकि 6 अन्य मौके से फरार हो गए थे। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश शर्मा व उडऩदस्ते के अन्य सदस्यों द्वारा थाना सदर फतेहाबाद में शिकायत दर्ज करवाई गई थी, जिसमें फर्जी परीक्षार्थियों के नाम, रोल नंबर, आधार कार्ड व बैठने की योजना जैसे दस्तावेज संलग्न थे।

## बीस किलोग्राम चूरापोस्त पकड़ा, दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



पुलिस ने ऐलनाबाद क्षेत्र से स्कूटी सवार दो नशा तस्करों को 20 किलोग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। ऐलनाबाद थाना प्रभारी ने मंगलवार को बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान सतपाल सिंह व प्रिंस कुमार निवासी ऐलनाबाद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने शहीद उधम सिंह चौक ऐलनाबाद से बाईपास होते हुए टिब्बी बस अड्डा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए जो कि पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें रोका और तलाशी ली तो उनके कब्जे से 20 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपियों के खिलाफ ऐलनाबाद थाना में अभियोग दर्ज किया गया है।

उधर, पुलिस ने चोरीशुदा मोटरसाइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे एक शख्स को ऐलनाबाद थाना क्षेत्र से काबू किया है। ऐलनाबाद थाना प्रभारी प्रगट सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान गुरमीत सिंह के रूप में हुई है। जांच में मोटरसाइकिल की आगे की नंबर प्लेट गायब पाई गई और पीछे की नंबर प्लेट फर्जी प्रतीत हुई।

## मांगों को लेकर निर्माण मजदूरों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



**भूना।** धरने के बाद अधिकारी को ज्ञापन सौंपते भवन निर्माण कामगार यूनियन के पदाधिकारी।

भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के आह्वान पर भ्रष्टाचार के नाम पर बंद किए गए बोर्ड को खोले जाने, 90 दिन काम की तसदीक का अधिकार यूनियनों को दिए जाने, 26 हजार रुपए मासिक दिहाड़ी देने सहित अन्य मांगों को लेकर भूना के निर्माण मजदूर, कारीगरों ने मंगलवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, भूना पर जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया। धरने के दौरान निर्माण मजदूरों ने नारेबाजी कर रोष जताया। धरने के माध्यम से पंचायत एवं विकास अधिकारी को श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। धरने की अध्यक्षता ब्लॉक नेता धर्मपाल जांडली खुर्द ने की व संचालन मुकेश कुमार डुल्ट ने किया। धरने को यूनियन के राज्य अध्यक्ष मनोज कुमार सोनी, जिला सचिव ओम प्रकाश अनेजा ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के नाम पर 1996 में बने श्रम कल्याण बोर्ड को खत्म करना चाहती है। यूनियन लगातार भ्रष्ट अधिकारियों व दलालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करती रही है, मगर सरकार भ्रष्ट अधिकारियों व दलालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की बजाए उनको बचाने व मजदूरों को सजा देने का काम कर रही है।

### मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण की तारीख 31 तक बढ़ी

**फतेहाबाद।** मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर खरीफ फसलों के पंजीकरण का कार्य जारी है। उपायुक्त मनदीप कौर ने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि जो किसान अपने खेतों में खरीब फसलों की बुवाई कर चुके हैं। वे उपरोक्त पोर्टल पर अपनी फसलों का पंजीकरण अवश्य करा लें। पूर्व में पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई थी, जिसे अब बढ़ाकर 31 अगस्त कर दिया गया है। उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि किसान कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। फसल बिक्री के समय सरकार द्वारा केवल पोर्टल पर पंजीकृत किसान से ही खरीद की जाएगी, ऐसे में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने व फसलों को सरकार द्वारा निर्धारित दाम पर बेचने के लिए जरूरी है कि जिला के किसान पोर्टल पर अपनी बोई गई खरीफ फसल का ब्यौरा दर्ज करा उसका पंजीकरण अवश्य करवाएं। उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि किसान द्वारा पोर्टल पर दर्शाई गई फसल का भौतिक सत्यापन भी करवाया जाएगा।

## प्रतिबंध के बावजूद नहर में नहाना पड़ा भारी

- गांव बादलगढ़ निवासी युवक पर की कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** प्रतिबंध के बावजूद नहर में नहाते पकड़ा गया युवक।

प्रतिबंध के बावजूद नहर में नहाना एक युवक को काबू महंगा पड़ गया। महमड़ा पुलिस चौकी ने गांव बादलगढ़ निवासी युवक को नहर में नहाते रंगे हाथ पकड़ा और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। बता दें कि जनसुरक्षा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए जिलेभर की नहरों, तालाबों और अन्य जल स्त्रोतों में नहाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। यह कदम लगातार हो रहे जलजनित हादसों की रोकथाम और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को इस प्रतिबंध का सख्ती से पालन करवाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस द्वारा समय-समय पर जारी एडवाइजरी में यह स्पष्ट किया गया है कि नहरों या तालाबों में नहाना न केवल खतरनाक है, बल्कि यह भारतीय न्याय संहिता की धारा 223ए के अंतर्गत एक दंडनीय अपराध भी है। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे मामलों में धारा 163 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएं। इसी क्रम में थाना सदर रतिया की अधीनस्थ पुलिस चौकी महमड़ा द्वारा कार्रवाई करते हुए नवनीत सिंह पुत्र अमर सिंह, निवासी बादलगढ़ को नहर में नहाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध बीएनएस के अलग-अलग धाराओं तहत मामला दर्ज कर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की गई है। पुलिस प्रशासन ने इस कार्रवाई के माध्यम से नागरिकों को स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून का उल्लंघन किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारा उद्देश्य किसी को दंडित करना नहीं है, बल्कि जनजीवन की सुरक्षा को सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। पुलिस विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे नहरों व तालाबों में नहाने से परहेज करें।

## प्रतिबंधित नशीली दवा मिलने पर मेडिकल स्टोर सील



**डबवाली।** पुलिस ने औषधि विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए जिला के गांव कालांवाली क्षेत्र में अर्श मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर नशीली दवाइयां बरामद की है। औषधि विभाग ने मेडिकल स्टोर को सील कर दिया है। मेडिकल संचालक अर्शदीप को नोटिस जारी किया गया है। कालांवाली प्रभारी सुनील कुमार ने मंगलवार को बताया कि मेडिकल नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर औषधि नियंत्रण अधिकारी के साथ मिलकर अर्श मेडिकल पर रेड की। रेड के दौरान नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियां व कैप्सूल बरामद कर मेडिकल को सील किया गया। उन्होंने बताया कि पहले भी सीआईए स्टाफ डबवाली ने अर्श मेडिकल पर कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद कर संचालक अर्शदीप सिंह को नोटिस दिया गया था। संचालक द्वारा नोटिस में दी गई हिदायतों से बाज न आने पर उसके लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेडिकल स्टोर की आड़ में दवाओं की कालाबाजारी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



**सिरसा।** भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी गली दिखाते ग्रामीण।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ रामपुरा बगडिया के ग्रामीणों ने खटखटाया कोर्ट का द्वार

**चोपटा।** गांव रामपुरा बगडिय़ा के कुछ ग्रामीणों ने गली निर्माण में बरती गई अनियमितताओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संतोषजनक कार्रवाई न करने से क्षुब्ध होकर अदालत का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने 62 लाख 35 हजार रुपये की लागत से हरियाणा ग्रामीण विकास निधि योजना के तहत बनाई गई इंटरलॉकिंग टाइलों से गली निर्माण कार्य में भारी गड़बड़ी को लेकर कोर्ट का द्वार खटखटाया है। ग्रामीण सतपाल, अमित, संदीप और राजेन्द्र सिंह ने एसीजे संतोष भगोटिया की कोर्ट में केस दायर दाखिल किया है। जिसमें प्रमोद ठेकेदार, कार्यकारी अभियंता पीडब्ल्यूडी विभाग, एसडीओ अनिल कुमार और जेई प्रेम सिंह को पार्टी बनाया गया है। कोर्ट में मामले की सुनवाई 25 सितंबर 2025 को होगी। ग्रामीणों ने बताया कि गली निर्माण में सरेआम धांधली की गई। इसके बारे में उपायुक्त से शिकायत की गई। उनकी ओर से जिला परिषद के सीईओ सुभाष चंद्र को जांच का जिम्मा सौंपा गया। ग्रामीणों ने उनकी जांच पर अविश्वास जताते हुए कोर्ट का द्वार खटखटाया है।

### महिलाओं की जागरूकता के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे

## महिला अपराधों से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित व प्रभावी निपटान के दिए निर्देश

महिला हेल्प डेस्क और महिला थानों की कार्यप्रणाली की पुलिस अधीक्षक ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** महिला हेल्प डेस्क प्रभारी एवं महिला थाना प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक करते एसपी सिद्धांत जैन।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु पुलिस लाइन फतेहाबाद स्थित एनजीओ मेस के मीटिंग हॉल में जिले के सभी थानों की महिला हेल्प डेस्क प्रभारी एवं महिला थाना प्रभारी के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा करना था। बैठक में एएसपी दिव्यांशी सिंगला, डीएसपी कुलवंत सिंह तथा महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा रानी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने महिला संबंधी अपराधों के आंकड़ों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि थानों में दर्ज महिला अपराधों से संबंधित लंबित मामलों का त्वरित व प्रभावी निपटान किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन्वेस्टीगेशन ट्रेकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल अफेंस पोर्टल पर दर्ज मामलों की कार्यवाही को शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा रिपोर्टिंग और निस्तारण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। एसपी जैन ने कहा कि महिला हेल्प डेस्क को और अधिक सक्रिय व जनसुविधा केंद्रित बनाया जाए, जिससे पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि महिला शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, तथा शिकायतकर्ताओं के साथ संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए स्कूलों, कॉलेजों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके साथ ही महिला पुलिस कर्मचारियों की कार्यप्रणाली, उपलब्ध संसाधनों, प्रशिक्षण की आवश्यकता तथा आने वाली चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। एसपी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना समाज और प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है।




# ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं बलिदान भी मांगती है

**मुंबई।** अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म में फरहान परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह भाटी का रोल निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में भारतीय सैनिकों की जांबाजी की झलक देखने को मिल रही है। इस टीजर को जोया अख्तर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने कैप्शन दिया है- 'ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं, बलिदान भी मांगती है'। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि फिल्म इस साल 21 नवंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर में दिखाया गया है कि साल 1962 में भारत-चीन की जंग के दौरान 18 नवंबर को क्या-क्या हुआ था।

लाइफ Style

# वामिका

## जी2 में दमदार किरदार में आएंगी नजर

इमरान हाशमी, अदिवि शेष और वामिका गब्बी फिल्म 'जी2' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया है। पोस्टर देख कर लगता है कि यह फिल्म एक्शन और सस्पेंस से भरपूर जासूसी थ्रिलर फिल्म होने वाली है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जारी किए गए पोस्टर में देखा जा सकता है कि इमरान हाशमी और आदिवी शेष गुस्से में नजर आ रहे हैं। एक दूसरे पोस्टर में अदिवि शेष और वामिका गब्बी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्टर में अदिवि शेष एक्शन मोड में शीशा तोड़ते हुए और बंदूक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए अदिवि शेष ने कहा जी2 एक ऐसा सफर रहा है जिसे हमने वर्षों से जिया और महसूस किया है। निर्देशक विनय कुमार सिरिगिनीदी के साथ, हमने बड़े सपने देखने की हिम्मत की है। इस कहानी को वैश्विक स्तर पर ले जाते हुए इसकी असलियत को बनाए रखा है। इमरान और वामिका वाकई दमदार किरदार में नजर आएंगे। उनके अभिनय ने इस फिल्म के पैमाने को एक पायदान ऊपर उठा दिया है। अब यह हमारे लिए सिर्फ एक फिल्म से कहीं बढ़कर बन गई है। फिल्म जी2 साल 2018 में रिलीज हुई गुडाचारी से संबंधित है। यह हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म जी2 फिल्म में बनिता संधू, मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागद्दा और मधु शालिनी जैसे दमदार कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अदिवि शेष एजेंट गोपी के रूप में वापसी कर रहे हैं।



हॉलीवुड मसाला



# द ग्लोरी का ट्विस्ट हिला देगा दिमाग

**नई दिल्ली।** 3 साल पहले नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई द ग्लोरी कोरियन थ्रिलिंग वेब सीरीज अगर आप एक बार देख लेंगे, तो बार-बार इसे देखने का मन करेगा। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसे देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे, लेकिन दिल को सुकून भी मिलेगा। तो अगर आप भी बिंज वॉच करना पसंद करते हैं, तो 16 एपिसोड की नेटफ्लिक्स की ये ट्रेंडिंग वेब सीरीज देख सकते हैं। द ग्लोरी नेटफ्लिक्स की एक साउथ कोरियन वेब सीरीज है, इस वेब सीरीज में स्कूल में बुरी तरह से बुलिंग का शिकार हुई लड़की की कहानी को बताया गया है।




# द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म का आजकल लोगों को बहुत ज्यादा क्रेज है। अब सबसे ज्यादा डरा देने वाली हॉरर फिल्म नए पार्ट के साथ वापस आ गई है। एक बार फिर भूत वापस लौट रहे हैं और उसे देखकर जो हालत खराब होने वाली है उसका अंदाजा ट्रेलर से ही लगाया जा सकता है। द कॉन्ज्यूरिंग सीरीज का आखिरी पार्ट आने वाला है। इस सीरीज के अब तक चार पार्ट आ चुके हैं और सभी हिट रहे हैं। अब द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स के ट्रेलर की बात करें तो इसकी शुरुआत आम लोगों से होती है। जासूसों के इंटरव्यू होते हैं। जिसमें दिखाया गया है कि शैतान पेंसिलवेनिया वहां पहुंच गया है और बुरी शक्तियां उसमें घुस गई हैं और उसे ही अपना घर बना लिया है।



# तलाक के बाद मृणाल को कर रहे डेट

**मुंबई।** एक्टर धनुष का पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत से अप्रैल 2024 में तलाक हो गया था। हालांकि, कुछ महीने पहले दोनों बड़े बेटे यत्र के स्कूल की ग्रेजुएशन सेरिमनी में साथ दिखे थे। धनुष और ऐश्वर्या अपनी-अपनी जिंदगी में बिजी हैं, पर बच्चों के लिए साथ आ जाते हैं। इसी बीच खबरें हैं कि धनुष एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई इवेंट्स में साथ में स्पॉट किया गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गईं। एक्टर धनुष हाल ही मृणाल ठाकुर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे, और अब उस पार्टी का अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धनुष ने मृणाल ठाकुर का हाथ पकड़ा हुआ है और बात कर रहे हैं। इसी वीडियो को देख फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।



# छह किताबों पर बनेंगी वेब सीरीज व फिल्में

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक जेफ्री आर्चर की कहानियां अब भारतीय सिनेमा के परदे पर जीवंत होने वाली हैं। भारत की प्रमुख कंटेंट निर्माण कंपनी अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने आर्चर की छह मशहूर किताबों के स्क्रीन एडप्टेशन के अधिकार हासिल किए हैं। इस साझेदारी को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब इस तरह किसी विदेशी लेखक की किताबों के राइट्स लिए गए हैं। इस तरह भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अब स्तरीय विदेशी कॉन्टेंट की दस्तक को शानदार माना जा रहा है। इस डील में जेफ्री आर्चर की छह किताबें द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स, फोर्थ एस्टेट, फर्स्ट अमंग इक्वल्स, द इलेवन्थ कमांडमेंट, सन्स ऑफ फॉर्च्यून और हेड्स यू विन शामिल हैं।

टीवी मसाला



# विवियन डीसेना का एकता कपूर के शो से होगी वापसी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर एक बार फिर से छोटे पर्द पर धमाका करने की तैयारी में हैं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी का दूसरा सीजन लाने के बाद वह नागिन 7 के कारण सुर्खियां बटोर रही थीं। दर्शक उसके आने का इंतजार ही कर रहे थे कि प्रोड्यूसर ने विवियन डीसेना के साथ एक प्रोजेक्ट करने का हिंट देकर दर्शकों को कन्फ्यूज कर दिया है। वह एक्टर के कमबैक से खुश भी हैं, लेकिन किस शो में वह आएंगे, ये सोचकर दिमाग की नसों पर जोर भी दे रहे हैं। दरअसल, पहले कुछ हफ्तों तक खबर थी कि विवियन डीसेना नागिन 7 में दिखाई दे सकते हैं। अब एकता कपूर के लेटेस्ट वीडियो से शक यकीन में बदलता दिख रहा है। इसमें दोनों सांप-चमगादड़ जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर दर्शकों को गुमराह कर रहे हैं। वीडियो में, एकता विवियन से पूछती हैं, 'हम क्या कर रहे हैं? क्या हम सांपों के साथ कुछ कर रहे हैं?' तो विवियन कहते हैं, नहीं। बाद में, एकता कहती हैं, शायद चमगादड़ों के साथ कुछ। तो एक्टर जवाब देते हैं, काफी करीब। विवियन डीसेना आखिरी बार बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। वह रनर-अप रहे थे, जबकि करण वीर मेहरा ने ट्रॉफी जीती थी। एक्टर को लीड रोल में आखिरी फिक्शनल शो सिर्फ तुम में देखा गया था, जो 2022 में ऑफ-एयर हुआ था। ऐसे में 3 साल बाद उन्हें पर्दे पर देखना उनके चाहनेवालों के लिए बड़ा सरप्राइज है।

## कपिल के शो में शिल्पा ने उड़ाया छोटी बहन का मजाक

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे पूरा भारत 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने की तैयारी कर रहा है, द ग्रेट इंडियन कपिल शो बॉलीवुड की दो सबसे प्यारी बहनों शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी के साथ बाई-बहन हुमा कुरैशी और साकिब सलीम को एक साथ ला रहा है। सोशल मीडिया पर लीक हुए इस एपिसोड का एक प्रोमो हंसी-मजाक और भाई-बहनों की ढेर सारी नोक-झोंक का वादा करता है, जिसमें मेहमान एक-दूसरे को मजाकिया अंदाज में चिढ़ाते हैं। प्रोमो वीडियो में, शिल्पा शेट्टी कपिल शर्मा के वजन घटाने का मजाक उड़ाती हैं, जिस पर कपिल शर्मा मजाक करते हुए कहते हैं कि उन्होंने यह उनसे ही सीखा होगा। वो मजाक में कहते हैं कि उनका वजन हर साल कम होता जा रहा है। जब कपिल पूछते हैं कि क्या शमिता अपनी बहन से हर बात शेयर करती हैं, तो शिल्पा जवाब देती हैं, वो मुझसे सिर्फ बॉयफ्रेंड वाली बातें छिपाती हैं। शमिता तुरंत जवाब देती हैं कि वो अब कुछ नहीं छिपातीं, और शिल्पा कहती हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वो अब सिंगल हैं।



# ये हॉरर फिल्म अकेले देख ली तो कांप उठेगा कलेजा

**नई दिल्ली।** अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं तो आपको 18 साल पुरानी यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह फिल्म आपको डर की दुनिया ऐसी सैर कराएगी कि आपको हॉरर फिल्मों की दुनिया का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। यह फिल्म इतनी डरावनी है कि आप अपने आजू-बाजू देखने से भी डरने लगेंगे। इस फिल्म की हॉररनेस का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं, इसकी कहानी कुछ ऐसी है कि इसमें 30 दिनों तक सूरज नहीं निकलता है और लोग पूरे एक महीने अंधेरे और डर के साए में अपनी जिंदगी की भीख मांग रहे होते हैं। इस फिल्म में रात के इस लंबे अंधेरे में कुछ ऐसे शैतान उतर आते हैं, जिन्हें आदमखोर कहें तो गलत नहीं होगा।



### क्या है फिल्म की कहानी?

वहीं, वैंपायर्स के सरदार का रोल डैनी हस्टन ने किया है, जिसकी एक्टिंग देखने के बाद किसी का भी पसीना छूट जाएगा। फिल्म का हर किरदार दर्शकों को डराने का काम करता है। फिल्म की कहानी पर नजर डाले तो यह अलास्का के बैरो नाम शहर की है, जो पूरी तरह बर्फ से ढका है। जैसे ही इस शहर पर रात का अंधेरा छाता है, वैंपायर्स एक्टिव हो जाते हैं और तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। इस शहर का अन्य शहर से संपर्क टूट जाता है और यहां बसे लोग एक-एक कर अपनी जान गंवा देते हैं।

**कौन सी डरावनी फिल्म है ये? :** इस फिल्म की कहानी रात होने के बाद शुरू होती है और 30 दिन सवेरा होने के बाद खत्म। इसलिए इस फिल्म का नाम, '30 डेज ऑफ डार्क नाइट' है। फिल्म के नाम से पता चलता है कि इसकी कहानी रात के काले अंधेरे पर बेस्ड है, जहां सूरज का तीस दिनों तक कोई अता-पता नहीं है। फिल्म कहानी में एक शेरिफ और उसकी पत्नी है, जो इन पिशाचों से मुकाबला करते हैं, जो रात के योद्धा हैं। पिशाचों के खिलाफ इस लड़ाई में इस महिला का पति अपनी जान गंवा बैठता है। फिल्म में जोश हार्टनेट और मेलिसा जॉर्ज ने पति-पत्नी का रोल प्ले किया है।

# 3 साल तक सिनेमाघरों में छाई रही ये फिल्म
## 80 साल बाद शोले ने तोड़ा था रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जुबली स्टार की बात करें, तो जो नाम जुबान पर सबसे पहले आता है, वो नाम है राजेंद्र कुमार का। उनकी फिल्मों के लिए कहा जाता था कि वो जो भी करते थे, वो सिल्वर जुबली जरूर मनाती थी। सिर्फ हीरो ही नहीं, हिंदी फिल्म के इतिहास में एक एक्ट्रेस भी ऐसी रही हैं, जो जुबली गर्ल के नाम से जानी गईं। उनकी फिल्मों ने जो इतिहास रचा उसे बॉक्स ऑफिस पर तोड़ने में बॉलीवुड को पूरे अस्सी साल तक इंतजार करना पड़ा। इस एक्ट्रेस का नाम था मुमताज शांति, जिन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया।



***देश की पहली जुबली गर्ल :*** ये बात बंटवारे के दौर से भी पहले की है, जब हिंदी फिल्मों में एक एक्ट्रेस हुआ करती थीं मुमताज शांति। उन्हें जुबली गर्ल का नाम दिया गया था। बात चालीस के दशक के आसपास की होगी, जब मुमताज शांति की खूबसूरती और एक्टिंग का कोई मुकाबला नहीं था। मुमताज शांति ने पंजाबी फिल्मों से इंडस्ट्री में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म थी सोहनी कुमारन। उनकी दूसरी पंजाबी फिल्म थी मंगती, जो 1942 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने डायमंड जुबली मनाई थी। इसके बाद मुमताज शांति का नाम पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार के तौर पर लिया जाने लगा था। पंजाबी फिल्मों में नाम कमाने के बाद मुमताज शांति ने हिंदी फिल्मों का रुख किया।

### पहली हिंदी फिल्म बसंत रही जुबली हिट

मुमताज शांति की पहली हिंदी फिल्म थी बसंत. ये फिल्म भी जुबली हिट रही थी। इस फिल्म में मधुबाला भी नजर आईं थीं। ये फिल्म करीब 76 हफ्ते तक थियेटर्स में रही थी। साल 1943 में वो अशोक कुमार के साथ किस्मत फिल्म में नजर आईं। इस फिल्म को देश की पहली ब्लॉकबस्टर मूवी माना जाता है, जिसने उस दौर में एक लाख के बजट में एक करोड़ की कमाई की थी। ये फिल्म लगातार तीन साल सिनेमा हॉल में लगी रही। 80 साल बाद ये रिकॉर्ड फिल्म शोले ने तोड़ा था।

## रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का लगने वाला है मजेदार मजमा

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये नई वेब सीरीज और फिल्में होंगी रिलीज

*नई दिल्ली। नया हफ्ता, नई उम्मीदें, नया रोमांच। सिनेमाघरों में इस शुक्रवार, 8 अगस्त को अंदाज 2 रिलीज हो रही हैं। फिल्म को लेकर बहुत ज्यादा बज नहीं है। लेकिन ओटीटी के पिटारे में इस हफ्ते एक के बाद एक ऐसी नई सीरीज और फिल्में हैं, जो आपके वीकेंड का मजा कई गुना बढ़ा सकती हैं। अगले सात दिनों में ओटीटी पर रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का मजेदार मजमा लगने वाला है। मौनी रॉय और नवीन कस्तूरिया की जासूसी वेब सीरीज सलाकार जहां अतीत से वर्तमान तक, राष्ट्रीय सुरक्षा के रोमांच को बढ़ाने वाली हैं, वहीं नेटफ्लिक्स की रिकॉर्ड तोड़ सीरीज 'वेडनेसडे' के सीजन 2 का पार्ट 1 भी रिलीज होने वाला है। 'मिकी 17' में जहां रॉबर्ट पैटिंसन दिल लूटने आ रहे हैं, वहीं मायासभा, मामन और अरबिया कदली जैसी साउथ की फिल्में और सीरीज भी आ रही हैं।*

**सलाकार :** सलाकार वेब सीरीज की कहानी साल 1978 और साल 2025 के दो टाइमलाइन में चलती है। यह एक जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एस्पिरेंट्स फेम नीन कस्तूरिया ने अधीर का किरदार निभाया है। वह एक सीक्रेट एजेंट है, जिसने शीत युद्ध के दौरान पाकिस्तान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को असफल बनाने में देश की मदद की थी। अधीर अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर है। देश की सुरक्षा पर फिर से खतरा मंडरा रहा है। राजनीति में तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में अधीर को अपने अतीत के अनसुलझे खतरों का भी सामना करना होगा। इस सीरीज में मौनी रॉय, मुकेश ऋषि, अश्वथ भट्ट, पूर्णेंदु भट्टाचार्य और सूर्या शर्मा भी हैं। सलाकार वेब सीरीज ओटीटी पर शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

**मायासभा :** मायासभा मूल रूप से तेलुगू में बनी पॉलिटिकल-ड्रामा सीरीज है। कहानी 1990 के दशक के आंध्र प्रदेश की अशांत राजनीति की है। यह कॉलेज के दो आदर्शवादी दोस्तों, ककरला कृष्णमा नायडू (आधि पिनिसेट्टी) और एमएस रामी रेड्डी (चैतन्य राव) की कहानी कहती है। दोनों राजनीति को बदलने का साझा सपना देखते हैं। लेकिन, इस राह में महत्वाकांक्षा की लड़ाई, विश्वासघात और विचारधाराओं का टकराव है। जैसे-जैसे वे आगे बढ़ते हैं, राजनीतिक दिग्गज बनते हैं, उनकी दोस्ती सत्ता संघर्ष, गुपचुप समझौतों और एक भयंकर प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है। उनकी दुनिया में तब और उथल-पुथल मच जाती है, जब कहानी में एक करिश्माई फिल्म स्टार की एंट्री होती है। वह अब राजनेता बन जाता है। इस सीरीज में दिव्या दत्ता, साई कुमार, नासर, रवींद्र विजय, श्रीकांत अयंगर, शत्रु और तान्या रविचंद्रन भी हैं। 'मायासभा' वेब सीरीज ओटीटी पर गुरुवार, 7 अगस्त को रिलीज हो रही है।



**अरबिया कदली :** अरबिया कदली एक तेलुगू सर्वाइवल ड्रामा वेब सीरीज है। यह समंदर किनारे बसने वाले दो गांव और उनके गांव वालों की कहानी है। ये गांव मछुआरों का है। दोनों गांव में हमेशा से एक-दूसरे को लेकर जबरदस्त कंपीटिशन रहा है। मछुआरों के एक ग्रुप गलती से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में पहुंच जाता है। उन्हें एक विदेशी जमीन पर कैद कर लिया जाता है। बद्री और उसके साथी मछुआरे खतरनाक समुद्र, कैद और अन्याय से जूझते हैं। इधर, इस कहानी के साथ ही एक और कहानी चलती है, जहां गंगा (आनंदी) साहस और दृढ़ विश्वास के साथ सिस्टम को चुनौती देती है। वह शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ मिसाल बनकर उभरती है। सीरीज में सत्य देव और आनंदी लीड रोल में हैं। जबकि साथ में नासर, रघु बाबू, दलीप ताहिल, पूनम बाजवा और हर्ष रोशन भी हैं। अरबिया कदली वेब सीरीज शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होगी।

**मामन :** मामन एक तमिल फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह मई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कहानी त्रिची में रहने वाले मामन इनबा (सूरी) के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में चाचा-भतीजा हैं। मामन को अपनी बहन गिरिजा के बेटे लड्डू से बहुत प्यार है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब लड्डू की शादी डॉक्टर रेखा (ऐश्वर्या लक्ष्मी) से होती है। यह दिल को छू लेने वाली कहानी जल्द ही तनाव और पारिवारिक संघर्ष में बदल जाती है, क्योंकि लड्डू का बेमेल प्यार इनबा और रेखा के रिश्ते में दरार डाल देता है।

## खबर संक्षेप



### सुरेश पूनियां ने संभाला प्रिंसिपल का कार्यभार

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल, नाथूसरी चोपटा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोहडक़ा के प्रिंसिपल सुरेश कुमार पूनियां ने मंगलवार को विद्यालय में भी प्रिंसीपल का कार्यभार संभाल लिया है। सभी अध्यापकों और विद्यार्थियों ने नए प्राचार्य का जोरदार स्वागत किया और यह विश्वास दिलाया कि वे उनके नेतृत्व में बढ़ चढक़र अपने विद्यालय के लिए कार्य करेंगे।

### गायक व अभिनेता किशोर का जन्मदिवस मनाया

**सिरसा।** देश के प्रसिद्ध गायक व अभिनेता रहे स्व. किशोर कुमार को उनके जन्मदिवस पर शहर के अनेक युवाओं ने कार्यक्रम आयोजित कर उनके गाए गीतों के माध्यम से उन्हें याद किया। इस कड़ी में एक निजी प्रतिष्ठान पर शहर में किशोर प्रेमियों के रूप में प्रसिद्ध संजीव शर्मा, डीआर ध्रुव, सुरेश सोनी, मनोज शर्मा, गजेंद्र शर्मा ने स्व. किशोर कुमार को समर्पित एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें संगीत प्रेमी नरेश मलिक, देवराज मोयल, संदीप अत्री, कैलाश सुखानी, गौतम कामरा, बिमल स्वामी, मुख्तयार सिंह हैप्पी आदि मौजूद रहे।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में कार्यवाही करते हुए टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से दो चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजय उर्फ लाड्डी पुत्र पला राम निवासी धाबी गुजरा, जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि यह मामला अजय पुत्र सुरजाराम निवासी गांव नांगला की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

### पिता ने की नाबालिग बेटी से छेड़छाड़, गिरफ्तार

**बरवाला।** बरवाला में पिता पर 14 वर्षीय नाबालिग बेटी से अश्लील हरकतें करने और अश्लील वीडियो दिखाने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी पिता ने पढ़ाई का झांसा देकर बेटी व बेटे को अपने पास रखा था। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

### एक सप्ताह में अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

**हांसी।** शहर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य को लेकर एसडीएम राजेश खोथ ने मंगलवार को शहर में कबाड़ का काम करने वाले दुकानदारों के साथ एक विशेष बैठक की। बैठक में शहर की सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर हो रहे अतिक्रमण की स्थिति पर गंभीरता से चर्चा की गई। बैठक के दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी दुकानदार एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमण हटा ले।

## जनवादी महिला समिति का 'सामाजिक न्याय जत्था' फतेहाबाद पहुंचा

# देश में बेरोजगारी व महंगाई चरम सीमा पर : जगमति

- महिलाओं ने फूलमालाओं के साथ जत्थे का स्वागत किया
- अंधविश्वास, सामाजिक भेदभाव, रुढ़िवाद, जातिवाद व साम्प्रदायिकता के खिलाफ किया जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** सामाजिक न्याय जत्थे के दौरान महिलाओं को संबोधित करते जनवादी महिला समिति की पदाधिकारी।

जनवादी महिला समिति का 'सामाजिक न्याय जत्था' मंगलवार को जींद से फतेहाबाद पहुंचा। फतेहाबाद शहर के अलावा टोहाना के कुलां तथा भूना के जांडली कलां में कार्यक्रम आयोजित किए गए जहां महिलाओं ने फूलमालाओं के साथ जत्थे का स्वागत किया। जत्थे का नेतृत्व जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगमति सांगवान, राज्य महासचिव उषा सरोहा, राज्य अध्यक्ष सविता, कोषाध्यक्ष अमिता एवं पूर्व राज्य महासचिव राजकुमारी दहिया ने किया। कार्यक्रमों की अध्यक्षता जसवंत कौर, जागीर कौर, सुरेश व सुखविंदर कौर ने की। संचालन सुनीता जांडली व प्रमिला ने किया। पार्षद मोहन लाल नारंग, कामरेड जगतार सिंह, धर्मपाल जांडली ने भी जत्थे का स्वागत किया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगमति सांगवान ने कहा कि सामाजिक न्याय जत्थे का उद्देश्य गीत, नाटक, नृत्य, नारे, साहित्य आदि के माध्यम से नशा खोरी, बेरोजगारी, अंधविश्वास, सामाजिक भेदभाव, रुढ़िवाद, जातिवाद व साम्प्रदायिकता के खिलाफ जागरूकता पैदा करना है। महिला समिति की राज्य महासचिव उषा सरोहा, राज्य अध्यक्ष सविता, कोषाध्यक्ष अमिता व पूर्व महासचिव राजकुमारी दहिया ने कहा कि देश की आजादी के बाद आज देश की जनता के सामने बड़ी चुनौतियां हैं। भंयकर बेरोजगारी, महंगाई व सामाजिक-आर्थिक गैर बराबरी अपनी चरम सीमा पर है। बेरोजगारी, गरीबी व अन्याय ने युवाओं को नशा खोरी व अपराध के क्षेत्र में धकेल दिया है। परिणामस्वरूप दलितों, अल्प संख्यकों व महिलाओं पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं। वर्तमान शासन जनता की समस्याएं हल करने की बजाए उन्हें जाति व धर्म के आधार पर फूट डालकर आपस में लड़ाने का काम कर रहा है। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा गीत व नृत्य प्रस्तुत किए गए। इनके माध्यम से महिलाओं के साथ होने वाले भेदभावों, नशाखोरी, कन्या भ्रूण हत्या, अंधविश्वास आदि को उजागर किया गया। जत्थे के साथ खेत मजदूर यूनियन के नेता रामकुमार बहबलपुरिया, कुलां के पूर्व सरपंच चिमन लाल, पूर्व सरपंच राजकुमार, किसान सभा के नेता अमर सिंह तलवाड़ा, केवल सिंह, मुंशी राम, राजीव सेतिया, किसान नेता सुभाष भैरो, खेत मजदूर नेता धर्मपाल गुणपाल, महेंद्र जागलान, पारस नाथ, नौजवान सभा के नेता शाहनवाज, पवन, सीटू नेता ओमप्रकाश अनेजा, रमेश जांडली आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# पराली प्रबंधन सप्लाई चैन स्थापना के लिए पोर्टल 7 तक खुला, करें आवेदन

- डीएलईसी द्वारा अनुमोदित आवेदकों को भी नये सिरे से आवेदन करना अनिवार्य होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के फसल अवशेष प्रबंधन घटक के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में धान फसल अवशेष आपूर्ति श्रृंखला परियोजनाओं की स्थापना हेतु पोर्टल को पुनः 7 अगस्त तक खोला गया है। जिला के किसान, पराली आधारित उद्योग, किसानों के समूह, किसानों की सहकारी समिति व पंचायतें इस योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त मनदीप कौर ने आह्वान किया है कि वे निर्धारित तिथि से पहले पोर्टल पर अपने आवेदन ऑनलाइन करें। इस अवधि के दौरान नए आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं व पहले से आवेदन कर चुके आवेदक अपने आवेदन में आवश्यक सुधार व अपडेट कर सकते हैं। वर्ष 2024-25 में डीएलईसी द्वारा अनुमोदित आवेदकों को भी नये सिरे से आवेदन करना अनिवार्य होगा।

### जरूरी बातें

यह स्पष्ट किया जाता है कि केवल सीआरएम योजना दिशा निर्देश 2025 के एनेक्चर में उल्लिखित मशीनों को ही परियोजना लागत में सम्मिलित किया जा सकता है और प्रत्येक परियोजना में अधिकतम तीन ट्रैक्टर ही अनुमोदित किए जाएंगे। केवल राउंड या रेक्टेंगुलर बेलर जिनकी क्षमता 2 से 3 क्विंटल या 3 क्विंटल से ऊपर की गांठ बनाने की हो, वहीं वाले स्ट्रा बेलर ही शामिल किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि अनुदान के लिए आवेदक हरियाणा राज्य का निवासी होना आवश्यक है व उसका उद्योग भी हरियाणा राज्य में स्थापित हो। इसके साथ बैंक से सैद्धांतिक मंजूरी, प्रोजेक्ट रिपोर्ट व प्रस्तावित मशीनों की क्षमता 3000-4500 एमटी प्रति सीजन होना अनिवार्य है। धान पराली आधारित 100 प्रतिशत उद्योग, पराली उद्योग व पराली एग्रीगेटर जिनके बीच में द्विपक्षीय समझौता व पिछले 2 वर्षों से पराली का प्रबंधन व खरीद कर रहे हो, उन्हें इस योजना के अंतर्गत वरीयता प्रदान की जाएगी।

## जमीनी विवाद में हत्या के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

- मामले में अब तक कुल 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव पिरथला में जमीनी विवाद को लेकर हुई हत्या व जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे आरोपी रामफल पुत्र जोरा राम निवासी पिरथला को टोहाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस अब तक कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना प्रभारी उप-निरीक्षक शादीराम ने बताया कि यह मामला विकास पुत्र ओमप्रकाश निवासी सिरसा की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, विकास के परिवार की करीब 7 एकड़ कृषि भूमि, जो गांव पिरथला में स्थित है, पर कमलराज उर्फ टोनी व उसके परिजनों ने अवैध कब्जा कर रखा था। 26 जून 2024 को विकास अपने परिजनों व परिचितों के साथ उक्त भूमि पर फसल की बुआई के लिए गया, जहां पहले से घात लगाए बैठे कमलराज, उसके भाई व अन्य 20-25 लोगों ने लाठी, डंडे, लोहे की रॉड व बसूला जैसे हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में ओमप्रकाश के सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

## नंबरदारों ने बैठक में बनाई रणनीति

**सिरसा।** नंबरदार एसोसिएशन की बैठक टाऊन पार्क में मंगलवार को जिला प्रधान जगजीत सिंह व तहसील प्रधान राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विचार-विमर्श करके निर्णय लिया कि चुनावों के वक्त मुख्यमंत्री ने नंबरदारों से जो माग पत्र लिया था, उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री से मिलकर इस मांग पत्र बारे चर्चा की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन किसानों ने दूसरे प्रांत से आकर हरियाणा में जमीन खरीद रखी है, जिनका हमें पिछला रिकॉर्ड पता नहीं है, उनमें विरासत का इंतकाल नंबरदार पहले उनके पिछले वारिसों का एफिडेविट लेकर ही तसदीक करें। लोगों को पेड़-पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें।

# लूटपाट और जानलेवा हमला करने के मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

- बाइक पर सवार युवक पर लोहे का कापे से किया था हमला, 8200 की नकदी भी लूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बाईक सवार युवक पर हमला कर उससे नकदी लूटने के मामले में रतिया पुलिस ने चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान गुरमुख सिंह उर्फ काला निवासी शिमलापुरी कॉलोनी, रतिया वर्तमान में फतेहगढ़ चाना, जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। इस मामले में इससे पहले तीन अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पूछताछ के दौरान गुरमुख सिंह ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है और अन्य मामलों में भी उसकी भूमिका की जांच की जा रही है।

### चिम्मों से रतिया लौट रहा पीड़ित

थाना सदर प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र हुड्डा के अनुसार, यह मामला 29 जून को सतपाल पुत्र भजनलाल निवासी रताखेड़ा, की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि 28 जून को वह चिम्मों से रतिया अपनी मोटरसाइकिल पर लौट रहा था। बिलासपुर ढाणी के पास युवकों ने उसकी बाइक रोककर उस पर हमला कर दिया। एक युवक के पास लोहे का कापा था, जिससे पेट और पीठ पर वार कर 8200 रुपये नकद लूट लिए गए। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल सतपाल ने सिविल अस्पताल रतिया में उपचार करवाया और अगले दिन थाने में शिकायत दी, जिस पर बीएनएस की संगत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। इस मामले में तकनीकी व वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अब गुरमुख सिंह उर्फ काला को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# कर्मचारी हितों से खिलवाड़ का लगाया आरोप

- पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल यूनियन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी।

हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन सम्बंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच शाखा जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग फतेहाबाद की बैठक आज मेन जलघर फतेहाबाद स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता शाखा प्रधान धर्मपाल दरियापुर ने की व संचालन सचिव राणा पंवार ने किया। मीटिंग में कर्मचारियों की मांगों के अलावा 6 अगस्त को होने वाली मीटिंग में राज्य कमेटी से आने वाले पदाधिकारियों को लेकर चर्चा की गई। वरिष्ठ उपप्रधान बलजिन्द्र सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार कर्मचारियों के हितों के साथ लगातार खिलवाड़ कर रही है। कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों का अनुभव सही तरीके से दर्ज नहीं किया जा रहा है। इन कर्मचारियों को टर्म अप्वाइंटमेंट की 23900 सैलरी भी नहीं दी जा रही है। उन्होंने कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार से इन्हें तुरंत सैलरी जारी करने की मांग की। शाखा प्रधान धर्मपाल दरियापुर ने कहा कि कर्मचारियों का जमकर शोषण किया जा रहा है। नहरी साइटों को ठेकेदारी प्रथा के तहत दिया जा रहा है, जिससे संगठन व कर्मचारी वर्ग में भारी रोष है।

### प्रमुख मांगें

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने चुनाव से पहले बड़ी-बड़ी जो घोषणाएं की थी, आज सब हवा हवाई हो गई है। धरातल पर अभी तक इन्हें लागू नहीं किया जा रहा है। संगठन मांग करता है कि पुरानी पेंशन को जल्द लागू किया जाए। एक्सग्रेशिया नीति की शर्तें हटाई जाए। कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, रिक्त पड़े पदों पर भर्ती करना, एलटीसी का भुगतान, ठेकेदारी प्रथा बंद करना आदि मांगों को अगर सरकार पूरा नहीं करती है तो कर्मचारी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। बैठक में राधेश्याम, जोगिन्द्र सिंह, दलबीर सिंह, सतबीर, मेनपाल, प्रदीप, वकील, अजय, सुंदर, रवि, ईश्वर सिंह, बलवंत सिंह, रमेश कुमार सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# रक्तदान जरूरतमंद का जीवन बचाताः समता

- जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा




**सिरसा।** शिविर में रक्तदान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला बार एसोसिएशन सिरसा के सहयोग से मंगलवार को बार कॉम्पलेक्स सिरसा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 50 नागरिकों ने रक्तदान किया। शिविर में सामान्य अस्पताल सिरसा टीम ने सेवाएं दी। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने भी रक्तदान किया। वहीं रक्तसंचार अधिकारी डॉ. समता ने कहा कि रक्तदान करना बहुत ही पुण्य का काम है जो न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाता है बल्कि जिंदगी बचाकर उस परिवार के जीवन में खुशियों के ढेरों रंग भी भरता है। हमें प्रत्येक तीन माह के बाद रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान शिविर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीष जिंदीया, जिला बार एसोसिएशन के प्रधान गंगा राम ढाका, उप प्रधान डॉ. केवल कंबोज, अनुज गनेरीवाला, सचिव हरदीप सिद्धु, भूपेंद्र कौर तथा बार एसोसिएशन के सदस्य व अधिवक्ता नरेश मलिक, रतन लाल जैन, संजू राजपूत, मनजीत सिंह सेठी, जसविन्द्र संधू, भूपेंद्र खट्टर, देवेन्द्र संधु, भूपेंद्र सिंह रोड़ी, उषा कस्वां, समाजसेवी रणजीत टक्कर, रेडक्रॉस के सहायक सचिव गुरमीत सिंह व उप अधीक्षक पवन राणा भी उपस्थित थे।

## किसी भी संकल्प पर खरी नहीं उतरी सरकारः केडिया

- हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट नवीन केडिया ने लगाया आरोप

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट नवीन केडिया ने भारतीय जनता पार्टी पर प्रदेश की जनता को ठगने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने भाजपा द्वारा चुनावों में किए गए 20 संकल्पों पर भी खरा न उतरने की बात कही है। नवीन केडिया ने जारी बयान में कहा कि हरियाणा विधानसभा के चुनावों से पूर्व बीजेपी ने जनता के समक्ष 20 वादों का संकल्प पत्र प्रस्तुत किया था जिसमें विभिन्न वर्गों के कल्याण की बात कही गई थी लेकिन सरकार बनने के लगभग एक साल बाद भी इन संकल्पों की तरफ सरकार का कोई ध्यान नहीं है बल्कि प्रदेश में अपराध, अन्याय और भ्रष्टाचार बढ़ा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने हरियाणा की सभी महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 2100 रुपए की वित्तीय सहायता देने का वादा किया था लेकिन अब उसमें किंतु परंतु की जा रही है। चिरायु आयुष्मान योजना के तहत हर परिवार को 10 लाख रुपए की मुफ्त इलाज सुविधा प्रदान करने का संकल्प दिखाया गया था। आज हालत यह है कि 500 करोड़ रुपए का भुगतान रुकने की वजह से चिकित्सकों ने इलाज करने से इंकार कर दिया है।

## अनुसूचित वर्ग के पात्र लाभार्थी ऋण योजनाओं का लाभ उठाएं : डीसी

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने अनुसूचित वर्ग के पात्र लाभार्थियों से हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि निगम की विभिन्न स्कीमों के लिए आवेदन करने के लिए पोर्टल 21 अगस्त तक खुला रहेगा। इसके लिए आवेदन हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की वेबसाइट पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि निगम का मुख्य उद्देश्य हरियाणा के अनुसूचित जाति के सदस्यों को स्व-रोजगार करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि सावधि ऋण योजना के तहत स्वरोजगार के लिए दो लाख रुपये का ऋण 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर प्रदान किया जाएगा और प्रार्थी द्वारा समय पर ऋण की किश्त ना भरने पर 4 प्रतिशत वार्षिक दर से अतिरिक्त ब्याज लिया जाएगा।

## पोर्टल-पोर्टल का खेल बंद करे सरकार, किसान परेशानः लखविंद्र

- किसानों की शिकायत,उनकी फसल का पंजीकरण किसी और ने करवाया

**सिरसा।** भारतीय किसान एकता के प्रधान लखविंद्र सिंह ने बताया कि अनेक किसानों की शिकायत है कि उनकी फसल का पंजीकरण मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर किसी और ने करवा लिया है। उन्होंने कहा कि ऐसा हर साल हो रहा है। शातिर व आपराधिक प्रवृत्ति के लोग राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत से किसानों की फसल का पंजीकरण धोखे से अपने नाम करवा लेते हैं। इसकी शिकायत लेकर जब किसान स्थानीय थाना प्रबंधक के पास गए तो उन्होंने किसानों की कोई सुनवाई नहीं की। इतनी बड़ी धोखाधड़ी को उन्होंने यह कहकर टाल दिया कि यह हमारा काम नहीं है, जिसके बाद किसानों ने उप कृषि निदेशक सिरसा को शिकायत भेजी है कि फर्जी पंजीकरण को रद किया जाए, ताकि किसान अपनी फसल का पंजीकरण करवा सकें। उन्होंने कई मामलों का जिक्र करते हुए बताया कि ऐसे हरियाणा में सैकड़ों मामले हर साल सामने आ रहे हैं, जिनका कोई स्थाई समाधान हरियाणा सरकार और प्रशासन नहीं कर पाया है। उन्होंने सरकार से अपील की कि सभी थाना प्रबंधकों को हिदायतें दी जाएं कि पीड़ित किसानों की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी करने वाले लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए।

**प्रेरणादायक कदम** | हरियाली को संस्कार बनाकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की पहल

# पोतों के साथ पीएचसी सेंटर और धार्मिक स्थलों पर लगाए पौधे

गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मंदिर परिसर व धार्मिक स्थलों पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांव खैरातीखेड़ा में अपने पोतों के साथ पौधारोपण करते पूर्व डीपीआरओ आत्माराम। फोटो : हरिभूमि

हरियाली को संस्कार बनाकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की एक प्रेरणादायक तस्वीर खैराती खेड़ा गांव से सामने आई है। वरिष्ठ नागरिक एवं सेवानिवृत्त जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी आत्माराम कसाना ने अपने पोते मन्नू राजा, भाविक गुर्जर और चैतन्य के साथ मिलकर गांव में पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाई।

पौधरोपण का यह कार्य गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मंदिर परिसर और अन्य धार्मिक स्थलों पर किया गया। इस दौरान आंवला, नीम, पीपल, अमरूद और अन्य छायादार व फलदार पेड़-पौधे लगाए गए। कसाना परिवार यह सेवा हर वर्ष करता आ रहा है, जिसे गांव के लोग अब एक परंपरा की तरह मानने लगे हैं।

### हर साल पेड़ लगाने का बताया महत्व

पूर्व डीपीआरओ आत्माराम कसाना ने बताया कि हर साल वह अपने गांव की जमीन को हरा-भरा बनाने का प्रयास करते हैं। इस बार खुशी इस बात की है कि उनकी तीसरी पीढ़ी भी इस काम में पूरे मन से जुड़ रही है। उनके पोते मन्नू राजा और भाविक ने बताया कि दादा जी हमें हर साल पेड़ लगाने का महत्व बताते हैं। अब हम खुद भी इस काम को आगे बढ़ाने का संकल्प ले चुके हैं। चैतन्य ने मुस्कुराते हुए कहा, पेड़ लगाना अच्छा लगता है, जैसे मां को कोई तोहफा देना। गांव के अन्य बुजुर्गों और युवाओं ने भी इस मुहिम की सराहना की और कसाना परिवार की इस पहल को प्रेरणास्रोत बताया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि हर परिवार इस तरह हर साल कुछ पौधे लगाए, तो गांव स्वच्छ और हरा-भरा बन सकता है।

अदालती नोटिस
न्यायालय नायब तहसीलदार/ तहसीलदार कम सब-रजिस्ट्रार रतिया जिला फतेहाबाद।
नोटिस बनाम जनरल पब्लिक एवम् सभी रिश्तेदारान
हर आम वा सभी रिश्तेदारान को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी पाल सिंह पुत्र तेजा सिंह पुत्र पूर्ण सिंह निवासी गांव बाहमणवाला तहसील रतिया जिला फतेहाबाद ने दिनांक 09.01.2025 को एक दरखास्त इस न्यायालय में पेश करके बताया है कि उसके भाई मेजर सिंह पुत्र तेजा सिंह पुत्र पूर्ण सिंह निवासी गांव बाहमणवाला तहसील रतिया जिला फतेहाबाद द्वारा अपनी तमाम चल व अचल जायदाद स्थित मौजा बाहमणवाला तहसील रतिया जिला फतेहाबाद सहित तमाम भारत वर्ष बारे एक अनरजिस्टर्ड वसीयतनामा बाहक पाल सिंह - संगत सिंह पुत्रान तेजा सिंह पुत्र पूर्ण सिंह निवासीयान गांव बाहमणवाला तहसील रतिया जिला फतेहाबाद के हक में हर दो समभाग में, दिनांक 15.01.2014 को मोहन लाल जांगडा एडवोकेट की मारफत कम्प्यूटराईड टाईप करवाया था। इस वसीयतनामा पर मोहन लाल जांगडा एडवोकेट के बतौर ड्राफ्टकर्ता हस्ताक्षर हैं इस वसीयतनामा पर बतौर गवाह नम्बर 1, भोगा सिंह नम्बरदार गांव कुलरियां तहसील बुढलाडा जिला मानसा बतौर गवाह नम्बर 2 सतगुर सिंह पुत्र भूरा सिंह निवासी गांव कुलरियां तहसील बुढलाडा जिला मानसा के हस्ताक्षर हैं तथा वसीयतकर्ता मेजर सिंह ने अपना निशान अंगूठा लगे हुए हैं। दिनांक 03.08.2014 को उक्त मेजर सिंह की मृत्यु हो चुकी है व मेजर सिंह की मृत्यु उपरान्त उसके द्वारा लिखवाए गए वसीयतनामा को अब प्रार्थी पाल सिंह रजिस्ट्रड करवाना चाहता हैं यदि किसी व्यक्ति को इस वसीयत को रजिस्ट्रड करने में कोई एतराज हो तो वह खुद या अपने वकील की मारफत इस न्यायालय में इस नोटिस के अखबार में प्रकाशित होने के एक महीने के अन्दर-अन्दर अपना एतराज पेश कर सकता है, बाद गुजर जाने मियाद कोई उजर काबिले सुनवाई नहीं होगी और यह वसीयत नियमानुसार रजिस्ट्रड कर दी जावेगी। यह नोटिस आज दिनांक 04/08/2025 को मेरे न्यायालय की मुद्रांक एवम् मेरे हस्ताक्षरों सहित जारी किया गया।
TEHSILDAR-CUM- A. C. IInd GRADE RATIA

## खबर संक्षेप

### पशु पकड़ रही रेवाड़ी की टीम पर हमला, दो घायल

**फतेहाबाद।** शहर के पुराना बस स्टैंड पर बेसहारा पशुओं को पकडऩे के लिए रेवाड़ी से आई टीम पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। हमले में एक युवक को गंभीर चोटें आई हैं जबकि दूसरे युवक को हल्की चोटें आई हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना सोमवार देर रात साढ़े 11 बजे की बताई जा रही है। घायलों ने शहर पुलिस को शिकायत दी है। घायलों का कहना है कि जब तक आरोपी नहीं पकड़े जाएंगे तब तक वह काम नहीं करेंगे। हमले में घायल अमित ने बताया कि बेसहारा पशुओं को पकडऩे के लिए रॉयल इंटरप्राइजिज रेवाड़ी के नाम से एजेंसी है।

### पारस गुप्ता युवा इकाई विस अध्यक्ष नियुक्त

**फतेहाबाद।**अग्रवाल वैश्य समाज युवा इकाई के जिला अध्यक्ष मोहित गर्ग ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल व युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु गोयल से विचार विमर्श करने के बाद फतेहाबाद निवासी पारस गुप्ता को फतेहाबाद युवा इकाई का विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### इनेलो के स्थापना दिवस पर जांच शिविर लगाया

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि 23 वर्ष पूर्व उन्होंने स्वयं विद्यार्थी वर्ग को छात्र समाज व राष्ट्र की मजबूती के उद्देश्य से इनसो की स्थापना की थी जिसने सही मायने में ने न केवल हरियाणा बल्कि दिल्ली, राजस्थान व चंडीगढ़ सहित तमाम क्षेत्रों में विद्यार्थी वर्ग को राजनीतिक भागेदारी प्रदान की। अजय चौटाला मंगलवार को ओढां स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में छात्र संगठन इनसो के 23वें स्थापना दिवस पर आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

### मम्मड़ खेड़ा स्कूल ने जीते 38 मेडल

**रानियां।** ब्लॉक रानियां के जीएमएसएसएस में हाल ही में आयोजित 69वीं जोनल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें रानियां खण्ड से सभी स्कूलों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मम्मड़ खेड़ा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 38 मैडल जीते। इनमें से 21 बच्चों ने स्वर्ण पदक, 11 बच्चों ने रजत पदक और 6 बच्चों ने कांस्य पदक जीते।

### विशाल शिव जागरण 6 सितम्बर को

**रतिया।** श्री नीलकंठ महादेव कावड़ संघ, रतिया द्वारा शहरवासियों के सहयोग से दूसरे विशाल शिव जागरण का आयोजन अनाज मंडी प्रांगण में 6 सितम्बर शनिवार को रात्रि 8 बजे बड़ी धूमधाम से किया जाएगा। उत्सव प्रांगण को फूलों व रंगीन लाईटों से सुसज्जित कर श्री शिव भोले जी दरबार की आलौकिक श्रृंगार के साथ भव्य सजावट की जाएगी। इस विशाल जागरण में शिव भोले की रसोई से अटूट भण्डारा बरतेगा। इस विशाल जागरण में हिंदुस्तान के मशहूर भजन सम्राट मास्टर सलीम व उत्तराखंड से मशहूर गायक शेखर जैसवाल प्रस्तुति देंगे।

### योगासन खेल संघ द्वारा जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन

# जिला योग प्रतियोगिता में गांव बोदीवाली की बेटियों का रहा दबदबा, मारी बाजी

प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 50 लड़के व लड़कियों ने हिस्सा लेकर शानदार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। जिला योग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते योगासन खेल संघ के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

योगासन खेल संघ फतेहाबाद द्वारा जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता सुंदर नगर स्थित आर्य समाज भवन, फतेहाबाद में आयोजित करवाई गई। इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 50 लडक़े व लड़कियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर संगठन के संरक्षक रण सिंह माचरा, प्रधान सविता झांझड़ा, वरिष्ठ उप प्रधान रणदीप सींवर गिलांखेड़ा, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र लुणा भट्टूकलां व संगठन सचिव दारा सिंह बोदीवाली मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में निरीक्षक की भूमिका अग्रसेन, अनिल कुमार, जन्नत कुमार व कुलदीप सरवरपुर ने निभाई।जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में आयु वर्ग 8 से 10 लड़कियों में दीक्षा बोदीवाली प्रथम, पल्लवी बोदीवाली दूसरे व दिव्या बोदीवाली तीसरे स्थान पर रही। इसी आयु वर्ग लडक़ों में वंश हसंगा प्रथम स्थान पर रहा। आयु वर्ग 10 से 14 लड़कियों में मानवी बोदीवाली से प्रथम, गरिमा बोदीवाली दूसरे व सानवी बोदीवाली तीसरे स्थान पर रही। इसी आयु वर्ग में लडक़ों में शुभम टोहाना से प्रथम, हरीश सरवरपुर से दूसरे व भव्य धांगड से तीसरे स्थान पर रहा। आयु वर्ग 14 से 18 लड़कियों में हिमांशी टोहाना से प्रथम, भूमि टोहाना से दूसरे व स्नेहा रानी टोहाना से तीसरे स्थान पर रही। इसी आयु वर्ग लडक़ों में रुद्र कुमार टोहाना से प्रथम, अंकित कुमार धांगड़ से दूसरे स्थान व तुषार धांगड़ से तीसरे स्थान रहे। आयु वर्ग 18 से 25 में लड़कियों में गीता बोदीवाली से प्रथम व निशा बोदवाली से दूसरे स्थान पर रही। आयु वर्ग 25 से 35 लडक़ों में विकास फतेहाबाद से प्रथम, योगेश फतेहाबाद से दूसरे व राहुल भिवानी से तीसरे स्थान पर रहा। आयु वर्ग 35 से 45 में महिला में रोमा रानी रतिया से प्रथम स्थान पर रही। प्रोफेशनल आयु वर्ग 21 से 30 में लडक़ों में जन्नत कुमार फतेहाबाद से प्रथम व आयु वर्ग 30 प्लस में अनिल कुमार भट्टू से प्रथम स्थान पर रहा। प्रतियोगिता समापन पर विजेताओं को संगठन संरक्षक रण सिंह माचरा ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया और संगठन के सभी पदाधिकारियों ने सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए भविष्य में आगे बढऩे की हार्दिक शुभकामनाएं दी।



रतिया। ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी।

## खेल महाकुंभ ताइक्वांडो में रतिया का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

फरीदाबाद में राज्य स्तरीय सीनियर खेल महाकुंभ ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन खेल विभाग हरियाणा सरकार द्वारा करवाया गया। इस प्रतियोगिता में किंग्स ताइक्वांडो एकेडमी रतिया के प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों ने जिला फतेहाबाद का नेतृत्व करते हुए 2 स्वर्ण व 2 कांस्य पदक हासिल करके स्वर्णिम उपलब्धि प्राप्त की। सीनियर लड़कियों के 73 किलोग्राम भार वर्ग में पूजा नहला ने हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों से आए अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक, सीनियर पुरुष वर्ग के 74 किलो भार वर्ग में अभयजीत पन्नू ने जबर्दस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक व सीनियर लड़कियों में यशिका नरूला व कुसुम ने अपने अपने भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त करके फतेहाबाद जिले का नाम पूरे हरियाणा में रोशन किया है। एकेडमी कोच, अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो रेफरी राजपाल पन्नू ने बताया कि इस खेल महाकुंभ में अकादमी के आठ खिलाडिय़ों पूजा नहला, टैना बिश्नोई, यशिका नरूला, कुसुम, कुदरत धालीवाल, अभय जीत पन्नू, अमनदीप सिंह व राघव ने जिला फतेहाबाद का नेतृत्व किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त करके एकेडमी में पहुंचने सभी विजेता खिलाडिय़ों का स्वागत किया गया। जिला खेल अधिकारी विष्णु दास ने विजेता खिलाडिय़ों शानदार उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।

## बाबा रामदेव महाराज की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। सावन माह की चांदनी दशमी पर पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

धार्मिक महत्व वाले सावन माह की चांदनी दशमी के उपलक्ष्य में श्रद्धालु शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में पहुंचे और बाबा रामदेव के दरबार में नारियल-ध्वजा चढ़ाकर मन्नतें मांगी। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज की परिक्रमा करते हुए बाबा रामदेव की महिमा में जयकारें लगाकर मंदिर रामदेवरा परिसर को गुंजायमान कर दिया। बाबा रामदेव महाराज की पावन व सांची जोत प्रज्ज्वलित होते ही श्रद्धालुओं ने जोत को नमन किया। इसके बाद बाबा रामदेव महाराज की संध्या आरती की गई। आरती उपरांत बाबा रामदेव महाराज को चूरमा, मिश्री, मिष्ठान, मेवा, खीर, फल, पताशे आदि को भोग लगाकर प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इससे पूर्व श्री बाबा रामदेव सेवा समिति ट्रस्ट के प्रधान रमेश जोइया ने समिति सदस्यों के साथ बाबा रामदेव महाराज को फूलों की माला अर्पित कर विधि विधान पूजा अर्चना व आराधना कर क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि की कामना की। समिति प्रधान रमेश जोइया ने बताया कि मंदिर रामदेवरा में हर माह की चांदनी दूज व चांदनी दशमी के उपलक्ष्य में बाबा रामदेव महाराज की विशेष रूप से पूजा अर्चना व अराधना की जाती है जिसमें श्रद्धालु पूरी श्रद्धा व आस्था से भाग लेते है। इस मौके पर ब्राह्मण सभा के प्रधान रामनिवास शर्मा, जोनी गहलोत, राकेश जोइया, मनोज चायल, सुभाष गहलोत, कमलकांत डाबी व अन्य मौजूद रहे।

## स्कॉलरशिप के चेक किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। स्कॉलरशिप के चैक वितरित करते डीएसपी जगदीश काजला।

सरबत दा भला संस्था द्वारा आज 32 हजार के स्कॉलरशिप के चेक पांच बच्चों को दिए गए। इनमें से तीन बच्चे एमबीबीएस कर रहे हैं। इन पांच बच्चों को 32 हजार के स्कॉलरशिप के चेक फतेहाबाद डीएसपी जगदीश काजला ने अपने वितरित करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सिटी वेलफेयर क्लब अध्यक्ष विनोद अरोड़ा ने कहा कि संस्था किसी से दान चंदा या सदस्यता शुल्क नहीं लेती है। डॉक्टर एसपी सिंह ओबरॉय अपनी कमाई से समाज सेवा के कार्य कर रहे हैं?। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के बाहरवी कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक नंबर आते हैं व जरूरतमंद परिवारों से है, उन्हें संस्था द्वारा आगामी पढ़ाई के लिए नंबरों के आधार पर स्कॉलरशिप दी जाती है। इस अवसर पर संस्था जिला अध्यक्ष रसप्रीत सिंह ग्रोवर ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर पुलिस पीआरओ विनोद कुमार, लवली मेहता व अन्य मौजूद रहे।

## इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता का परिणाम हुआ घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

युवा सोच को नई उड़ान देने के मकसद से विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा शुरू की गयी इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत 31 जुलाई को जिलास्तरीय प्रतियोगिता का परिणाम घोषित हो चुका है, जिसमें सिरसा जिला के पांच विद्यार्थियों के मॉडल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि हर्दित शर्मा एनएम कान्वेंट स्कूल अलीकां का मॉडल बहुउद्देशीय और सुरक्षित तंदूर, रोमदीप कौर नेहरु सीनियर सैकेंडरी स्कूल डबवाली का मॉडल भारोत्तोलन सहायक, यादविंदर सिंह नेहरु सीनियर सैकेंडरी स्कूल डबवाली का मॉडल जल बचत करने वाला स्वच्छ शौचालय, पंकज कुमार रावमावि गुडियाखेड़ा का मॉडल चाक पॉकेट और लेजर युक्त डस्टर, पवन रावमावि मिठड़ी का मॉडल सेफर सेफ । मुकेश कुमार ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड मानक के तहत सरकारी और प्राइवेट विद्यालयों में कक्षा 6 से 12वीं के मेधावी विद्यार्थी अपने आईडिया ऑनलाइन जमा करवा सकते हैं स 15 जून से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## इनसो का स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना


टोहाना। इनसो स्थापना दिवस पर शिव नंदीशाला में गौसेवा करते व केक काटते जेजेपी नेता।

जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो का 23वां स्थापना दिवस आज जिलेभर में कार्यकर्ताओं द्वारा सामाजिक सरोकार दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जहां गौशालाओं में जाकर गौसेवा की वहीं अनेक स्थानों पर पौधारोपण भी किया। जेजेपी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता जतिन खिलेरी ने बताया कि टोहाना में शिवनंदी गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में विशेष तौर पर पूर्व महिला प्रदेश अध्यक्ष शीला भ्यान ने शिरकत की। उन्होंने अपने हाथों से गायों को गुड़, हरा चारा खिलाया और गौमाता से आशीर्वाद लिया। समारोह के दौरान गौ मिष्ठान केक काटकर गायों को खिलाया गया।शीला भ्यान ने कहा कि जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इनसो संस्थापक डॉ अजय सिंह चौटाला द्वारा लगाया पौधा इनसो 2003 से लेकर अब तक लगातार युवाओं के लिए कार्य कर रहा है और युवा इनसो से जुडक़र अपनी आवाज बुलंद कर रहे है। उन्होंने इनसो युवाओं के हितों से जुड़ा हुआ एक मिशन है, जो कि सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में सदा अग्रणी रहता है। उन्होंने कहा कि इनसो छात्र हितों की रक्षा, शिक्षा में सुधार और युवाओं को नेतृत्व प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। शीला भ्यान ने कहा कि जजपा का संकल्प हमेशा ही सेवाभाव का रहा है।

## एसपी की चेतावनी : फर्जी दस्तावेजों और पहचान का दुरुपयोग कर भविष्य बर्बाद न करें युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने युवाओं और आमजन के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है, जिसमें फर्जी दस्तावेजों और पहचान पत्रों के दुरुपयोग को लेकर गंभीर चिंता जताई गई है। हाल के दिनों में परीक्षा, प्रवेश और पहचान सत्यापन के दौरान कुछ लोग फर्जी आधार कार्ड, वोटर आईडी, मार्कशीट आदि का उपयोग करते हुए पकड़े गए हैं, जो कि गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।
एडवाइजरी में एसपी सिद्धांत जैन ने कहा है कि फर्जी दस्तावेज बनाना या उपयोग करना कानूनन अपराध है। इसके लिए भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कठोर सजा का प्रावधान है। दूसरे की जगह परीक्षा देना या दिलवाना नकल और धोखाधड़ी के दायरे में आता है, जिससे डिपार्टमेंट, जेल या भविष्य में सरकारी नौकरियों से प्रतिबंध हो सकता है। शैक्षणिक संस्थानों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश एवं परीक्षा प्रक्रिया में मूल पहचान पत्रों का कड़ाई से सत्यापन सुनिश्चित करें। एसपी ने अभिभावकों से अपील है कि वे अपने बच्चों को ईमानदारी और नैतिक मूल्यों की शिक्षा दें।

## उत्पीड़न निषेध पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। जिला एडीआर सेंटर में कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीजेएम गायत्री।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चैयरमैन दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री की अध्यक्षता में एडीआर सेंटर में महिलाओं के यौन उत्पीडऩ रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम विषय पर कोर्ट कर्मचारियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीजेएम गायत्री ने कहा कि यह अधिनियम कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडऩ को रोकने और निवारण के लिए एक महत्वपूर्ण कानून है। इस अधिनियम के तहत कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडऩ की शिकायतों की जांच और निवारण के लिए आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। यह एक महत्वपूर्ण कानून है, जो कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा को सुनिश्चित करता है। सर्वोच्च न्यायालय ने विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य मामले में एक ऐतिहासिक निर्णय एवं दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन दिशानिर्देशों में कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा अहम है।

## एसडीएम ने किया स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया


रतिया। सरकारी स्कूल का निरीक्षण करते एसडीएम सुरेन्द्र सिंह।

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को उपमंडल के विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गांव ब्राह्मणवाला में राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी एवं राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल में हाजरी रजिस्टर को चेक किया और स्टाफ कर्मियों की उपस्थिति जांच की गई। उन्होंने विद्यालय में चलाई जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी ली और विद्यालय के परिसर में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम सुरेन्द्र सिंह अलग-अलग कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से मिले तथा विद्यार्थियों को समय-समय पर दिए जा रहे मिड डे मील और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की। विद्यालय में निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विद्यालय में विद्यार्थियों से प्रश्न पूछकर पढ़ाई के स्तर की जांच की। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी गांव के स्कूल में यदि कोई समस्या या परेशानी आती है तो संबंधित विभाग उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाएं।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर की रिहर्सल

# सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

- विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रानियां रोड सिरसा में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित रिहर्सल में भाग लेती स्कूली छात्राएं।

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन हेतु विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति पेश करते हुए प्रतिभा दिखाई। विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रानियां रोड सिरसा में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में जहां हेलन केलर दृष्टिबाधित स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गीत के माध्यम से जोश भरा, वहीं प्रयास व आरकेजी श्रवण वाणी दिव्यांग केंद्र के बच्चों ने कोरियोग्राफी व डांस की प्रस्तुति दी। इसके अलावा विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियाणवी डांस, सैंट जेवियर स्कूल सिरसा के बच्चों ने फोल्क डांस प्रस्तुत किया। इसी प्राकर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेला ग्राउंड सिरसा की छात्राओं ने गिद्धा, डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसा के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से राजस्थानी संस्कृति की झलक पेश की। सेंट फांसीस स्कूल सिरसा के बच्चों ने राजस्थानी डांस, एवी इंटरनेशनल स्कूल सिरसा के बच्चों ने एक्रोबेटिक व श्री राम न्यू सतलूज वरिष्ठां माध्यमिक सिरसा के बच्चों ने राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया।

**चयन कमेटी के सदस्य रहे मौजूद**

आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के चयन हेतु बनाई गई कमेटी के सदस्य मौजूद रहे और सांस्कृतिक टीमों के इंचार्ज को सांस्कृतिक प्रस्तुति और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार, प्रिंसिपल राम सिंह यादव, एओ अनिल, विक्रम कुमार, मीना भाटिया और मीनाक्षी सहित विभिन्न स्कूलों के स्कूल स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भगवान से बड़ा कोई रक्षक नहीं है: साध्वी पूषा भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। पत्रकारों से बात करते हुए साध्वी पूषा भारती।

भगवान से बड़ा कोई रक्षक नहीं है। रक्षाबंधन का त्योहार भाई-पवन के पवित्र रिश्ते का त्योहार है। इसे रक्षा सूत्र भी कहा जाता है। इस त्योहार की शुरूआत सतयुग में घटी उस घटना से हुई, जब मां लक्ष्मी ने राजा बलि की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा था। रक्षा सूत्र का मतलब है एक-दूसरे की रक्षा करना। उक्त बातें दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान से साध्वी पूषा भारती ने संस्थान में आयोजित रक्षाबंधन त्योहार के मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि एक भाई अपनी बहन की रक्षा कब कर सकता है, जब तक वो उसके साथ है, लेकिन वो हर जगह तो उसके साथ नहीं रह सकता। संसार के अंदर हमारा जो सबसे अच्छा रक्षक है, वो हमारा भगवान है। द्रोपदी ने भी भगवान श्रीकृष्ण की कलाई पर राखी बांधी थी, जिसका उदाहरण साक्षात देखा जा चुका है।